**Headmasters Forum, Tirur**

**ഉജ്ജ്വലം - 2021**

**Version A** **SSLC** കുട്ടികൾക്കുള്ള സ്വയം വിലയിരുത്തൽ സാമഗ്രി

**Time: 1 Hour** **HINDI** **Total Score : 20**

**Third Language**

**सामान्य निर्देश :**

- ★ **पहले 10 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।**
- ★ **सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।**
- ★ **उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।**
- ★ **1 से 16 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 20 है।**

**सामान्य निर्देश :**

- ★ पहले 10 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- ★ सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- ★ उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।
- ★ 1 से 19 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 20 है।

सूचना: 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक पैन स्याही भर दो।" साहिल से पहले ही बेला ने दुकानवाले से कहा। "बेटा स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गई है। अब तो कल ही मिल पाएगी।" लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही थी उसे भी ज़मीन पर छिड़क दिया।" बेला बोली। बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए। दुकानवाले भैया ने कहा।और पूछा "कौन-सी में पढ़ते हो "? "पाँचवीं में।" साहिल ने ऐसे बुरे मन से बताया जैसे पाँचवीं में पढ़ना पाप हो। "दोनों?" दुकानवाले भैया ने कहा। "हाँ दोनों, और हम दोनों का सैक्शन भी एक ही है - ए।" बेला ने ऐसे खुश होकर बताया जैसे यह कोई बहुत बड़ी बात हो।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

- पैन खरीदने केलिए दोनों दुकान पर पहुँचे।
- पैन में स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहुँचे।
- कोपी खरीदने केलिए दोनों दुकान पर पहुँचे।

- पैन देखने केलिए दोनों दुकान पर पहुँचे।

2. क्रिया का सही रूप कोष्ठक से चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। 1

नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर ........।

( जाता है , जाते हैं , जाती है , जाती हैं )

3. 'बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।' दुकानदार ने ऐसे क्यों कहा ? 2

4. कहानी के इस अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

5. पैन में स्याही भरवाने केलिए साहिल और बेला दूकान पहूँचे। इस प्रसंग के आधार पर बेला , साहिल और दूकानदार के बीच संभावित वार्तालाप की पूर्ति करें। 4

बेला : एक पैन स्याही भर दो।

दुकानवाले : बेटा, स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गई है।

साहिल : तो क्या करें ?

बेला : ................................

सूचना: "हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था" कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 6 से 10 तक के उत्तर लिखें।

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
व्यक्ति को मैं नहीं जानता था।
हताशा को जानता था
इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया
मैंने हाथ बढ़ाया।
मेरा हाथ पकड़कर वह खड़ा हुआ।

6. कवि के मत में व्यक्ति को जानने का मतलब है ? 1

क ) नाम से जानना। ख) हताशा से जानना। ग) आर्थिक स्थिति से जानना। घ) ओहदे से जानना।

7. कविता का टिप्पणीकार कौन है ? 1

क ) नरेश सक्सेना। ख) राजेश जोशी। ग) धर्मवीर भारती। घ) विनोद कुमार शुक्ल।

8. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

- ➢ कवि और व्यक्ति एक दूसरे को जानते थे।
- ➢ व्यक्ति कवि को जानता था।
- ➢ कवि व्यक्ति की हताशा को जानता था।
- ➢ व्यक्ति कवि की हताशा को जानता था।

9. ‘ मैंने सहायता की ’ यह आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें। 1

10. कवि और कविता का परिचय देते हुए कविताँश पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' की कविता टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था” कहते ही वे "जानने" की हमारी उस सानी-पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते है जो व्यक्ति के नाम, पते, उस. ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

11.सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी के आधार पर निम्न लिखित वाक्यों को ध्यान से पढें और उनके आधार पर तालिका की पूर्ती करें। 4

व्यक्ति का नाम, व्यक्ति की हताशा, व्यक्ति की उम्र, व्यक्ति की जाति, व्यक्ति की असहायता,
व्यक्ति का संकट, व्यक्ति का ओहदा, व्यक्ति की संवेदना ,व्यक्ति का पता।

| ‘जानना’ का रूढिग्रस्त आधार। | ‘जानना’ का असली आधार। |
|---|---|
| | |

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई।

12. बेला साहिल से नज़र क्यों नहीं मिला पाई? 1

- साहिल को गुस्सा आएगा।
- माटसाब साहिल को भी पीट लेंगे।
- साहिल के सामने बेला लज्जित होना नहीं चाहती।
- बेला को डर लगा।

13. "नज़र मिलाना " का मतलब क्या है ? 1

- ➢ मुँह फेरना।
- ➢ मुँह की ओर देखना।
- ➢ मुँह नीचे करना।
- ➢ मुँह पीछे करना।

14. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

- माटसाब को लज्जा का अनुभव हो रहा था।
- साहिल को लज्जा का अनुभव हो रहा था।
- बेला को लज्जा का अनुभव हो रहा था।
- साहिल और बेला को लज्जा का अनुभव हो रहा था।

15. बेला खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्यों? 2

16. क्रिया का सही रूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। 1

बेला का मन बहुत खराब .......................।

( हो जाएगा ,हो जाएगी ,हो जाएँगे ,हो जाएँगी )

17. कोष्ठक से शब्द जोड़कर वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें। ( मन , बहुत ) 2
खराब हो गया।

……………………।

……………………………।

बेला का मन बहुत खराब हो गया।

18. क्लास में हुए बुरे अनुभव का ज़िक्र करते हुए बेला ने सहेली के नाम पत्र लिखा। बेला का पत्र लिखें। ( पत्र का कलेवर लगभग 80 शब्दों का हो ) 4

19. मान लें, इस घटना के संबंध में बेला अपनी डायरी में लिखती है। बेला की संभावित डायरी की पूर्ति करें । (डायरी लगभग 80 शब्दों की हो ) 4

12/6/2007

मंगलवार

कैसे भूलूँ इस दिन... आज एक बुरा दिन था। खेल घंटी बंद होने से दो मिनिट पहले ही मैं अपनी जगह पर आकर बैठ गयी थी।
…………………………………………….

**Headmasters Forum, Tirur**

**ഉജ്ജ്വലം - 2021**

**Version B** **SSLC കുട്ടികൾക്കുള്ള സ്വയം വിലയിരുത്തൽ സാമഗ്രി**

**Time: 1 Hour** **HINDI** **Total Score : 20**

**Third Language**

**सामान्य निर्देश :**

★ पहले 10 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।

★ सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।

★ उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।

★ 1 से 16 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 20 है।

सूचना: बीरबहूटी कहानी का यह अंश पढ़े आौर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था। साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?" बेला ने पूछा। और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा। मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम?" "मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल हैराजकीय कन्या पाठशाला, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।" "क्यों साहिल?" "पता नहीं क्यों , तो यानी कि अब तुम फुलेरा में ही नहीं रहोगे?" "नहीं। तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड दिखाना।" साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का। आज आखिरी बारी वे एक दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें । 1

साहिल और बेला अलग-अलग स्कूलों में पढ़ने जा रहे हैं, क्येंकि ……………..

(क) साहिल के परिवार दूसरे गाँव रहने गये।

(ख) साहिल और बेला को फुलेरा का स्कूल अच्छा न लगा ।

(ग) फुलेरा का स्कूल पाँचवीं तक ही था।

(घ) सुरेंदर माटसाब के डर से।

2. " मुझे" में प्रयुक्त सर्वनाम और परसर्ग चुनकर लिखें। 1

( मैं + का , मैं + को , मैं + की , मैं + के )

3. साहिल और बेला किन-किन स्कूलों में पढ़ेंगे ? 2

4. कोष्ठक से शब्द जोड़कर वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें। 2

( होस्टल , अजमेर )

मुझे भेज देंगे।

…………………..।

…………………………।

मुझे अगले साल अजमेर के होस्टल भेज देंगे।

5. नीचे दी गई सूचनाओं की सहायता से बेला की डायरी लिखें। 4

* पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया।
* साहिल और बेला छठी में आ गए।
* यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।
* राजकीय कन्या पाठशाला।
* अजमेर के होस्टल।

6. अजमेर के नए सकूल का अनुभव साहिल बेला को पत्र द्वारा लिखता है।नीचे दी गई सूचनाओं की सहायता से साहिल का वह पत्र तैयार करें। 4

* अजमेर के होस्टल।
* साहिल का अकेलापन।
* फुलेरा की यादें
* बेला से मिलने की इच्छा।

7. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं ने हाथ बढ़ाया<br>
मेरा हाथ पकड़कर वह खड़ा हुआ<br>
मुझे वह नहीं जानता था<br>
मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था<br>
हम दोनों साथ चले

8. कविताँश का रचयिता कौन है ? 1

क ) नरेश सक्सेना ख) राजेश जोशी ग) धर्मवीर भारती घ) विनोद कुमार शुक्ल

9. "हम दोनों साथ चले " कौन-कौन साथ चले ? 1

(क)कवि और नरेश सक्सेना।

(ख) कवि और हताश व्यक्ति।

(ग) नरेश सक्सेना और हताश व्यक्ति।

(घ) हताश व्यक्ति और बेटा।

10. "अपरिचित होने पर भी कवि ने हताश व्यक्ति की सहायता की"- इससे क्या संदेश मिलता है ? 2

11. कविता की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : बीरबहूटी कहानी का यह अंश पढ़े औार नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वे एक-दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे। बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा तुमने कुछ सुना बेला?" हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।" लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

12. वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे। विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

( गंध, भूरी, ज़मीन , बारिश )

13.कौन-सी विशेषता बीरबहूटियों की नहीं, चुनकर लिखें। (सुर्ख,मुलायम,गदबदी,भूरी) 1

14. कहानी  के इस प्रसंग के आधार पर बेला और साहिल के बीच की संभावित बातचीत लिखें । 4

15. आपके स्कूल में बीरबहूटी कहानी का फिल्मांकन होनेवाला है। इस केलिए एक पोस्टर तैयार करें। 4

16. सही मिलान करें। 4

| | |
|---|---|
| बच्चे बहुत नज़दीक रहकर | बैठ जाया करते थे। |
| बीरबहुटियों का र | पहली घंटी लग गई है। |
| दोनों बच्चे भूरी ज़मीन पर | बेला के रिबन जैसा लाल है। |
| स्कूल में | बीरबहूटियॉ |

Version A Headmasters Forum, Tirur

ഉജ്ജ്വലം - 2021 SSLC കുട്ടികൾക്കുള്ള സ്വയം വിലയിരുത്തൽ സാമഗ്രി

Time: 1 Hour HINDI Total Score : 20

Third Language

सामान्य निर्देश :

★ पहले 10 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।

★ सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।

★ उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।

★ 1 से 20 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 20 है।

सूचना : टूटा पहिया ' कवितांश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले !

1. टूटा पहिया - किसका प्रतीक है? कोष्ठक से चुनकर लिखें। 1

( लघु मानव , उच्च मानव , शोषण , शोषक )

2. 'सहारा' इसके लिए कविता में प्रयुक्त शब्द क्या है? 1

3. कवितांश का आशय लिखें । 4

4. नीचे दिये आशय वाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें । 1

"सत्य का पक्ष टूटे हुए पहिए का भी सहारा लेता है" ।

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का अंश पढ़ें और अनुबंध प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

नीलमाधव पांडा की 'आई एम कलाम ' देखते हुए मुझे अपना बचपन बहुत याद आया । क्योंकि यह फ़िल्म भी उन्हीं विलोमों के बारे में बात करती है जिनसे मेरे बचपन के सब किस्से बने हैं । हमारा नायक 'कलाम ' चाय की दुकान में काम करता है।

5. 'मेरे' इसमें निहित परसर्ग क्या है ?कोष्ठक से चुनकर लिखें। ( का ,के, की , को ) 1

6. आप के स्कूल में आई एम कलाम नामक फ़िल्म का प्रदर्शन होनेवाला है। फ़िल्म प्रदर्शन की जानकारी देते हुए पोस्टर तैयार करें । 4

7. सही मिलान करें । 4

| | |
|---|---|
| कलाम | स्कूल जाने में रोया करता था । |
| मिहिर | छाछ का डिब्बा लाता था । |
| मोरपाल | परीक्षा से डरता था । |
| रणविजय | कलाम जैसा बनना चाहता था । |

सूचना : " सबसे बड़ा शो मैन " जीवनी का अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चाली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी। मासूमियत में उसने थोडी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतार दी। लोगों में ठहाकें की हिस्सेदारी हुई और स्टेज पर जमकर पैसे बरसे। अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीक की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार... दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।

8. 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का लेखक है............। कोष्ठक से चुनकर लिखें। 1

( प्रेमचंद , प्रभात , गीत चतुर्वेदी , मिहिर )

9. 'माँ जब उसे लेने आई'। वाक्य के 'उसे' में निहित सर्वनाम और परसर्ग कोष्ठक से चुनें। 1 1

( यह+को , ये+को , वह+को , वे+को )

10. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

- ➢ माँ का गीत सुनकर दर्शकों ने उसकी प्रशंसा की।
- ➢ चार्ली का शो देखकर दर्शकों ने माँ से उसकी प्रशंसा की।
- ➢ माँ की आवाज़ फट जाने से दर्शकों ने उसकी प्रशंसा की।
- ➢ चार्ली का शो देखकर माँ ने उसकी प्रशंसा की।

11. लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीक की। माँ बहुत खुश थी। उस दिन की माँ की डायरी कल्पना करके लिखें। 4 4

1-अक्तूबर-2019

आज मैं कितना खुश हूँ! स्टेज पर गाते-गाते मेरी आवाज.... क्या लिखूं? ..........................................................................।

सूचना : "आई एम कलाम के बहाने" फिल्मी लेख का यह संवाद पढें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता। वह खुद ही अपना नाम 'कलाम' रख लेता है। इस नाम में उसकी आकांक्षाओं का अक्स है। उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है। भाटी सा भी उसकी कलाकारी की वाहवाही करते नहीं थकते।

12. छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता।-इसका मतलब क्या है ? 1

- ➢ भाटी जैसा बनना।
- ➢ कलाम जैसा बनना।
- ➢ अमिताभ जैसा बनना।
- ➢ राणा जैसा बनना।

13. छोटू की कलाकारी की प्रशंसा भाटी सा क्यों करता है ? 2

14. कोष्ठक के शब्दों से वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें। ( खुशी से , नायक ) 2

छोटू जाता है।

छोटू स्कूल जाता है।

.....................................

..................................................

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ डर गई। पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा!

15. पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा! यह किसका डर है ? कोष्ठक से चुनकर लिखें। 1

( मैनेजर का , माँ का , लोगों का ,चार्ली का )

16. माँ के डर का कारण क्या है ?2

17. इस प्रसंग पर मैनेजर और माँ के बीच हुई बातचीत आगे बढ़ाएँ । ( पाँच विनिमय चाहिए ) 4

माँ : गा नहीं पा रही हुँ साब।

मैनेजर : क्यों ? क्या हुआ ?

माँ :

मैनेजर :

माँ :

मैनेजर :

माँ :

मैनेजर :

माँ :

मैनेजर :

सूचना : ठाकुर का कुआँ कहानी का यह अंश पढ़ें और नीचे के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गंगी ने पानी न दिया। खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी, परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है। बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।"

18. 'मैं' के स्थान पर 'हम' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। 1

| | |
|---|---|
| मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ। | हम दूसरा पानी लाए ...........। |

19. संकेतों की सहायता से गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें। 4

- ❑ अशिक्षित गरीब परिवार की सदस्या ।
- ❑ पानी भर लाने का साहस।
- ❑ रिवाज़ी पाबंदियों पर विद्रोह।
- ❑ सामाजिक कुरीतियों का शिकार।

**Headmasters Forum, Tirur**

**ഉജ്ജ്വലം - 2021**

**Version B** **SSLC കുട്ടികൾക്കുള്ള സ്വയം വിലയിരുത്തൽ സാമഗ്രി**

**Time: 1 Hour** **HINDI** **Total Score : 20**

**Third Language**

**सामान्य निर्देश :**

- ★ पहले 10 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- ★ सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- ★ उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।
- ★ 1 से 20 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 20 है।

**सूचना : " सबसे बड़ा शो मैन " जीवनी का अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी। मासूमियत में उसने थोडी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतार दी। लोगों में ठहाकें की हिस्सेदारी हुई और स्टेज पर जमकर पैसे बरसे। अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार... दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।

1. 'प्रशंसा' केलिए गद्यांश में प्रयुक्त शब्द चुनकर लिखें। **1**

2. दर्शकों ने देर तक खडे होकर तालियाँ क्यों बजाई ? **2**

3. 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का लेखक है.............। कोष्ठक से चुनकर लिखें। **1**

   ( प्रेमचंद , प्रभात , गीत चतुर्वेदी , मिहिर )

4. माँ जब उसे लेने आई। 'उसे' में निहित सर्वनाम कौन-सा है ?कोष्ठक से चुनकर लिखें। **1**

   ( यह+को , ये+को , वह+को , वे+को )

5. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। **1**

   - ➢ माँ का गीत सुनकर दर्शकों ने उसकी प्रशंसा की।
   - ➢ चार्ली का शो देखकर दर्शकों ने माँ से उसकी प्रशंसा की।
   - ➢ माँ की आवाज़ फट जाने से दर्शकों ने उसकी प्रशंसा की।
   - ➢ चार्ली का शो देखकर माँ ने उसकी प्रशंसा की।

6. नमूने के अनुसार वाक्य की पूर्ति करें। **1**

| |
|---|
| चार्ली स्टेज पर पहली बार आया। |
| माँ स्टेज पर आखिरी बार .........। |

7. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। **1**

   - ➢ माँ स्टेज पर पहली बार आयी।
   - ➢ दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह अंतिम शो था।
   - ➢ माँ का यह पहला शो था।

➢ चार्ली स्टेज पर पहली बार आया।

8. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

लोगों ने माँ से हाथ मिलाया क्योंकि ......................................। 1

➢ माँ का गाना अच्छा था।

➢ माँ को ज़्यादा पैसा मिला था।

➢ चार्ली की मासूमियत से प्रभावित था।

➢ माँ की मासूमियत से प्रभावित था।

9. लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ की। माँ बहुत खुश थी। उस दिन की माँ की डायरी कल्पना करके लिखें। 4

1 अक्तूबर 2019

आज मैं कितना खुश हूँ! स्टेज पर गाते-गाते मेरी आवाज.............................................

10. "दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था।" इस घटना पर एक रपट तैयार करें। 4

11. उचित शब्द जोड़कर वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें। (दुनिया के , सबसे बड़े ) 2

यह पहला शो था।

यह शोमैन का पहला शो था।

................................................

....................................................................

सूचना : "आई एम कलाम के बहाने" फिल्मी लेख का यह अंश पढें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है। रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं। कलाम यह जानता है और झट एक अच्छा-सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है। रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है।

12. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें । 1

रणविजय परेशान है, क्योंकि ..................................।

➢ रणविजय की हिंदी इतनी अच्छी नहीं।

➢ कलाम की हिंदी इतनी अच्छी नहीं।

➢ रणविजय की अंग्रेज़ी इतनी अच्छी नहीं।

➢ कलाम की अंग्रेज़ी इतनी अच्छी नहीं।

13. आप के स्कूल में आई एम कलाम नामक फ़िल्म का प्रदर्शन होनेवाला है। फ़िल्म प्रदर्शन की जानकारी देते हुए पोस्टर तैयार करें । 4

14. रणविजय को परेशान देखकर कलाम उससे कारण पूछता है। दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप की पूर्ति करें। ( पाँच विनिमय चाहिए ) 4

रणविजय : हाय ! कलाम

कलाम : हाय ! रणविजय तुम परेशान क्यों ?

रणविजय : ........................................

कलाम : ...............................................

रणविजय : ........................................

कलाम : ........................................

रणविजय : ........................................

कलाम : ........................................

रणविजय : ........................................

कलाम : ........................................

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और नीचे के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी

बड़े-बड़े महारथी

अकेली निहत्थी आवाज़ को

अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें।

15. कविताँश के आधार पर किसका पक्ष असत्य है ? 1

( अकेली आवाज़ का, निहत्थी आवाज़ का, बड़े-बड़े महारथी का, ब्रह्मास्त्रों का )

16. "झूठ" का समानार्थी शब्द कविताँश से चुनकर लिखें। 1

17. 'महारथी' शब्द का विशेषण शब्द कविताँश से चुनकर लिखें। 1

18. कविताँश पर आस्वादन टिप्पणी लिखें। 4

सूचना: 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दिल्ली में एक मित्र ने कहा था कि पश्चिमी समुद्र तट पर गोआ से सुंदर दूसरी जगह नहीं है।वहां खुला समुद्र तट है। एक आदिम स्पर्श लिए प्राकृतिक रमणीयता है और सबसे बड़ी बात यह है कि जीवन बहुत सस्ता है, रहने-खाने की हर सुविधा वहाँ बहुत थोड़े पैसों में प्राप्त हो सकती है।

19. तालिका में लिखें : सही है या गलत। 2

| | |
|---|---|
| गोआ में जीवन बहुत सस्ता है। | सही |
| गोआ में रहने-खाने की हर सुविधा नही है। | |
| गोआ में प्राकृतिक रमणीयता है। | |

20. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

राकेश के मित्र के विचार में....................................... 1

क) पश्चिमी तट का सबसे सुंदर स्थान गोआ है।

ख) पश्चिमी तट की सुंदर जगहों में गोआ का आखिरी स्थान है।

ग) पश्चिमी तट पर गोआ से भी सुंदर जगहें है।

घ) पश्चिमी तट पर गोआ की कुछ भी विशेषता नहीं है।

21. गोआ की जिंदगी बहुत सस्ती है ।लेखक के इस कथन से आप क्या समझते हैं ? 2